Refrigerators

Equipment	Short Title	Notification/Regulation/ Amendment& Date	Reference IS/IEC Standards
Refrigerators	Amendment 14(a)	S.O. 4490(E) dated 11th Oct,2024	IS 17550
	14(a)	S.O. 4554(E) dated 26th September, 2022	
	14(b)	S.O. 4553(E) dated 26th September, 2022	
	14(d)	No. BEE/S&L/Ref/70/2021-22 dated 30th September,2022	

रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-27092022-239147
CG-DL-E-27092022-239147

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 4365] नई दिल्ली, सोमवार, सितम्बर 26, 2022/आश्विन 4, 1944
No. 4365] NEW DELHI, MONDAY, SEPTEMBER 26, 2022/ ASVINA 4, 1944

विद्युत मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 26 सितम्बर, 2022

का.आ. 4554(अ).—केंद्रीय सरकार, ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, (2001 का 52) की धारा 14 के खंड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के परामर्श से भारत के राजपत्र असाधारण, भाग 2, खंड 3, उपखंड (।।) में प्रकाशित भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का. आ. 183 (अ) तारीख 12 जनवरी, 2009 और का.आ. 1899 (अ) तारीख 26 मई, 2016 को उन बातों के सिवाय अधिक्रांत करते हुए, जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पहले किया गया है या करने का लोप किया गया है, स्टार लेवल युक्त घरेलू प्रशीतकों के लिए निम्नलिखित ऊर्जा खपत मानक विनिर्दिष्ट करती है, अर्थात् :-

1. भारत में, यथास्थिति विनिर्मित किए गए, वाणिज्यिक रूप से क्रय, विक्रय या आयातित किए जा रहे आंतरिक प्राकृतिक संवहन (सीधे ठंडे) या प्रबलित वायु परिसंचरण (फ्रास्ट फ्री) द्वारा प्रत्येक घरेलू और उसी प्रकार के ठंडे किए गए प्रशीतक साधित्रों और आई एस (17550 (भाग 3) : 2021 में यथाविनिर्दिष्ट इन विशेषताओं की जांच करने के लिए परीक्षण पद्धतियों की स्थापना की जाएगी, -

(i) आईएस 17550 (भाग 3): 2021 के खंड 6 में यथापरिभाषित ऊर्जा खपत अपेक्षाओं का अनुपालन किया जाएगा;

(ii) आईएस 17550 (भाग 3) के खंड 4.8 और उपाबंध ज में यथापरिभाषित कुल मात्रा की अपेक्षा को पूरा किया जाएगा

(iii) आईएस 17550 (भाग 2) के खंड 4.6 क) और उपाबंध क में यथापरिभाषित पुल-डाउन परीक्षण की अपेक्षा को पूरा किया जाएगा

(iv) उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी किए गए जहां भी लागू हो, गुणवत्ता नियंत्रण आदेश के उपाबंधों का अनुपालन किया जाएगा।

(V) विनिर्माता को आईएसओ 9001 के प्रति प्रमाणित होना चाहिए।

परंतु यह अधिसूचना सिंगल डोर और डबल डोर के सिवाय अन्य प्रशीतक सांधित्रों पर लागू नहीं होगी।

2. (1) परिभाषाएं - इस अधिसूचना में, जब तक कि संदर्भ के लिए अन्यथा आवश्यक न हो, -

(क) "औसत बिजली की खपत" प्रशीतक सांधित्र द्वारा वॉट (डब्ल्यू) में मापी गई ऊर्जा खपत की औसत दर अभिप्रेत है;

(ख) "ऊर्जा की खपत" से समय की विनिर्दिष्ट अवधि में प्रशीतक सांधित्र द्वारा उपयोग की जाने वाली या विनिर्दिष्ट प्रचालन के लिए मापी गई वॉट घंटे (डब्ल्यूएच) या किलोवॉट घंटे (कि. वॉ. घं.) में ऊर्जा अभिप्रेत है।

(ग) "प्रशीतक सांधित्र" से एक या एक से अधिक कक्षों के साथ इंसुलेटेड कैबिनेट जो विशिष्ट तापमान पर नियंत्रित होते हैं और उपयुक्त आकार के होते हैं और घरेलू उपयोग के लिए तैयार होते हैं, प्राकृतिक संवहन या प्रबलित संवहन प्रणाली द्वारा ठंडा किया जाता है जिससे ऊर्जा-खपत के एक या अधिक साधनों द्वारा शीतलन प्राप्त किया जाता है अभिप्रेत है;

(घ) "प्रशीतक" से खाद्य पदार्थों के भंडारण के लिए प्रशीतक सांधित्र है, जिसमें ताजा खाने के लिए कम से कम एक कक्ष (कंपार्टमेंट) हो अभिप्रेत है।

(ड.) "भंडारण तापमान" से वह तापमान अभिप्रेत है जिसे प्रशीतक सांधित्र आईएस 17550 (भाग 3): 2021 के भाग 2 के 6.5 में दिए गए अनुबंध के अनुसार बनाए रखने में सक्षम है;

(च) "परिमाण" से प्रशीतक सांधित्र, या कक्ष या उप कक्ष के अंदरूनी लाइनर के अंदर की जगह अभिप्रेत है।

(2) उन शब्दों और पदों के जो इसमें प्रयुक्त हैं और परिभाषित नहीं है किंतु अधिनियम में परिभाषित हैं वही अर्थ हैं जो अधिनियम में हैं।

3. स्टार रेटिंग या स्टार स्तर योजना,- (1) प्रशीतक पर एक लेबल चिपका होगा जिस पर उनकी सापेक्ष वार्षिक ऊर्जा खपत के आधार पर एक स्टार के अंतराल के साथ अधिकतम पांच स्टार प्रदर्शित किए जाएंगे।

(2) प्रशीतक को उनकी वार्षिक ऊर्जा खपत के आधार पर स्टार एक से स्टार पांच में रेट किया जाएगा और जिसमें सारणी 1 और सारणी 2 में अधिकथित एईसी अपेक्षाओं का अनुपालन किया जाता है।

(3) प्रशीतक का स्टार स्तर आईएस 17550 (भाग 3): 2021 के खंड 6 के अनुसार अवधारित किया जाएगा, अर्थात्:

वार्षिक ऊर्जा खपत = 24 घंटों में दैनिक ऊर्जा खपत *365 दिन/1000

फ्रॉस्ट फ्री प्रशीतकों की दैनिक ऊर्जा खपत (ईदैनिक) में डीफ्रॉस्ट और रिकवरी चक्र के लिए स्थिर अवस्था और वृद्धिशील ऊर्जा खपत सम्मिलित है। सीधे ठंडे प्रशीतकों, ईदैनिक में केवल स्थिर स्थिति की परिस्थिति सम्मिलित है।

फ्रॉस्ट फ्री प्रशीतक (एफएफआर) के लिए सारणी 1

(1 जनवरी, 2023 से 31 दिसंबर, 2024 तक विधिमान्य)

स्टार रेटिंग बैंड	एईसी (कि.वॉ.घं./वर्ष)
1 स्टार *	(0.157* Vtot+243) ≤ AEC < (0.180* Vtot+279)
2 स्टार **	(0.136*V_{tot}+211) ≤ AEC < (0.157* Vtot+243)
3 स्टार ***	(0.118*Vtot+184) ≤ AEC < (0.136* Vtot+211)
4 स्टार ****	(0.103* Vtot +160) ≤ AEC < (0.118*Vtot +184)
5 स्टार *****	AEC < (0.103*Vtot+160)

सीधे ठंडे प्रशीतक (डीसीआर) के लिए सारणी 2

(1 जनवरी, 2023 से 31 दिसंबर, 2024 तक विधिमान्य)

स्टार रेटिंग बैंड	एईसी (कि.वॉ.घं./वर्ष)
1 स्टार *	(0.115* Vtot+179) ≤ एईसी < (0.129* Vtot+201)
2 स्टार **	(0.103* Vtot+160) ≤ एईसी < (0.115* Vtot+179)
3 स्टार ***	(0.091*Vtot +141) ≤ एईसी < (0.103* Vtot+160)
4 स्टार ******	(0.080*Vtot+124) ≤ एईसी < (0.091*Vtot +141)
5 स्टार *******	एईसी < (0.080*Vtot+124)

टिप्पण: सारणी 1 और सारणी 2 में यथाउल्लिखित विशेष मॉडल के लिए विभिन्न स्टार स्तर बैंड के मान प्रदान किए गए हैं और मॉडल के लिए चुना गया स्टार स्तर प्रत्येक स्टार स्तर बैंड की निचली और ऊपरी सीमाओं पर आधारित होगा।

4. परीक्षण और सह्यता –

(1) स्टार स्तर के अवधारण के प्रयोजनों के लिए, प्रशीतक में नीचे दिए गए रूप में सारणी 3 में परिभाषित सभी परीक्षणों की अपेक्षाओं को पूरा किया जाएगा:

सारणी 3

क्र. सं.	परीक्षण की प्रकृति	परीक्षण मानक और खंड संदर्भ
1	दैनिक ऊर्जा खपत	आईएस 17550 का खंड 6 (भाग 3)
2	कुल मात्रा	आईएस 17550 का खंड 4.8 और उपाबंध एच (भाग 3)
3	पुल-डाउन	आईएस 17550 का खंड 4.6 क) और उपाबंध क (भाग 2)

टिप्पण :

1. प्रशीतक पर बीआईएस प्रमाणन चिह्न होगा।
2. विविनिर्माता को मॉडलों के रजिस्ट्रीकरण के समय विधिमान्य बीआईएस प्रमाणन चिह्न अनुज्ञप्ति की प्रति प्रस्तुत करनी होगी

(2) स्टार रेटिंग बैंड के लिए कोई सह्यता नहीं होगी और सभी परीक्षण किए गए संधित्र प्रत्येक स्टार रेटिंग बैंड के लिए न्यूनतम सीमा को पूरा करेंगे और स्टार रेटिंग का अवधारण करते समय विनिर्माता द्वारा विनिर्माण सह्यता और अन्य विविधताओं के लिए गुंजाइश का हिसाब लगाया जाएगा।

(3) कुल मात्रा के लिए सह्यता सीमा आईएस 17550 (भाग 3) के खंड 4.8.1 के अनुसार होगी और पुल-डाउन तापमान आईएस 17550 (भाग 2) के खंड 4.6 क के अनुसार होगा।

(4) स्टार स्तर योजना की प्रत्येक दो वर्ष में समीक्षा की जाएगी।

(5) निम्नलिखित बिंदुओं के आधार पर स्टार रेटिंग का अवधारण करते समय विनिर्माता द्वारा विनिर्माण सह्यता और अन्य विविधताओं के विनिर्माण की गुंजाइश को पूर्णांकन के लिए ध्यान में रखा जाएगा-

(क) वार्षिक ऊर्जा खपत मान और कुल मात्रा को एक दशमलव स्थान तक निकटतम पूर्ण संख्या में पूर्णांकित किया जाएगा;

(ख) मान को आईएस 2:1960 के अनुसार संबंधित पूर्ण अंकों में पूर्णांकित किया जाएगा।

5. परीक्षण रिपोर्ट - परीक्षण के परिणाम इस अधिसूचना के साथ उपाबंध क में विनिर्दिष्ट रूप विधान में रिपोर्ट किए जाएंगे।

[फा. सं. 10/4/2022-ईसी]

अजय तिवारी, अपर सचिव

उपाबंध क

[पैराग्राफ 5 देखें]

परीक्षण के परिणाम रिपोर्ट करने के लिए प्ररूप

(प्रत्येक प्रकार/मॉडल के लिए अलग परीक्षण रिपोर्ट रूप विधान का उपयोग किया जाएगा)

परीक्षण रिपोर्ट संख्या **तारीख :**

1. उत्पाद / उपस्कर ब्यौरे

1.1 साधारण

उपस्कर
प्रकार (उदाहरण के लिए सीधे ठंडे या फ्रॉस्ट-फ्री प्रशीतक)
प्रचालन सिद्धांत (संपीड़न)
जलवायु वर्ग (उष्णकटिबंधीय टी)
ब्रांड
मॉडल का नाम और संख्या
विनिर्माता/आयातक का नाम
विनिर्माता का पता
रेटेड कुल मात्रा (लीटर)
विनिर्माण का मास और वर्ष
भारतीय मानक ब्यूरो प्रमाणपत्र ब्यौरे (यदि कोई हो) (अनुज्ञप्ति/प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करें)
गुणवत्ता प्रणाली प्रमाणपत्र विवरण (अनुज्ञप्ति/प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करें)
वार्षिक बिजली खपत (कि.वॉ.घं. प्रति वर्ष)
पुल डाउन टाइम (न्यूनतम)

2. आयतन का मापन

क्र. सं.	कक्षों के ब्यौरे	प्रेक्षित / मापा मान
1	सेलर	
2	ताजा खाना	
3	चिल	

4	उद्घाष्पित (जीरो-स्टार, वन-स्टार, टू-स्टार, थ्री-स्टार और फोर-स्टार के लिए लागू)	
5	खंड एच.2.2 क) से घ) और H.2.3 क) से ग) में यथापरिभाषित घटाया गया आयतन	
10	कुल मात्रा	

3.ऊर्जा खपत परीक्षण

क्र. सं.	विवरण परीक्षण	प्रेक्षित/मापा मान
1	डीफ़्रॉस्ट नियंत्रण की संख्या (कोई नहीं, एक या एक से अधिक)	
2	स्थिर अवस्था में बिजली की खपत (डब्ल्यू) क) प्रकरण एसएस1 ख) प्रकरण एसएस2	
3	डीफ़्रॉस्ट और रिकवरी ऊर्जा खपत (वॉ. घं.)	
4	तापमान परिवर्तन (कि.वॉ.घं.)	
5	परीक्षण रन करने की संख्या क) सिंगल टेस्ट रन ख) प्रक्षेप द्वारा	
6	दैनिक ऊर्जा खपत	
7	कुल ऊर्जा खपत	
8	विनिर्दिष्ट सहायक गतिविधियां, यदि कोई हो (वैकल्पिक)	

4. पुल डाउन परीक्षण

क्र. सं.	परीक्षण की स्थितियां	प्रेक्षित मान
1	परीक्षण कक्ष परिवेश का तापमान	
2	हीट सोकिंग में लगने वाला समय	
3	परीक्षण की शुरुआत से लेकर एक साथ सभी कक्षों तक लक्ष्य या इससे नीचे के तापमान पर आने की अवधि	
4	प्रत्येक कक्ष में हवा का औसत तापमान पहुंच जाना	
	सेलर	
	ताजा खाना	
	चिल	
5	उद्घाष्पित (जीरो-स्टार, वन-स्टार, टू-स्टार, थ्री-स्टार और फोर-स्टार के लिए लागू)	
6	पुल डाउन टाइम	

MINISTRY OF POWER

NOTIFICATION

New Delhi, the 26th September, 2022

S.O. 4554(E).—In exercise of the powers conferred by clause (a) of section 14 of the Energy Conservation Act, 2001 (52 of 2001) and in supersession of the notification of the Government of India in the Ministry of Power, published in the Gazette of India, Extraordinary, Part II, Section 3, Sub-section (ii), vide number S.O. 183(E), dated the 12th January, 2009 and S.O. 1899 (E), dated the 26th May, 2016 except as respects things done or omitted to be

done before such supersession, the Central Government in consultation with the Bureau of Energy Efficiency hereby specifies the following energy consumption standards for star labelled household refrigerators namely:-

1. Every household and similar refrigerating appliances cooled by internal natural convection (Direct Cool) or forced air circulation (Frost Free), and establishes test methods for checking these characteristics as specified in IS 17550 (Part 3) : 2021, being manufactured, commercially purchased, sold or imported, as the case may be, in India shall,-

(i) comply with the energy consumption requirements defined in clauses 6 of IS 17550 (Part 3) : 2021;

(ii) meet the requirement of total volume as defined in clause 4.8 and Annex H of IS 17550 (Part 3);

(iii) meet the requirement of pull-down test as defined in clause 4.6 a) and Annex A of IS 17550 (Part 2);

(iv) comply with provisions of Quality Control Order, wherever applicable issued by Department for Promotion of Industry and Internal Trade, Ministry of Commerce and Industry; and

Provided that this notification shall not be applicable on refrigerating appliances except single door and double door.

2. (1) Definitions.- In this notification, unless the context otherwise requires,-

(a) "average power consumption" means average rate of energy consumption of a refrigerating appliance measured in watts (W);
(b) "energy consumption" means energy used by a refrigerating appliance over a specified period of time or for a specified operation measured in watt hours (Wh) or kilowatt hours (kWh).
(c) "refrigerating appliance" means insulated cabinet with one or more compartments that are controlled at specific temperatures and are of suitable size and equipped for household use, cooled by natural convection or a forced convection system whereby the cooling is obtained by one or more energy-consuming means.;
(d) "refrigerator" means refrigerating appliances intended for the storage of foodstuff, with at least one fresh food compartment.;
(e) "storage temperature" means temperature which the refrigerating appliance is capable of maintaining in accordance with the stipulation given in 6.5 of Part 2 of IS 17550 (Part 3) : 2021;
(f) "volume" means space within the inside liner of the refrigerating appliance, or a compartment or sub compartment.

(2) Words and expressions used herein and not defined, but defined in Act shall have meanings respectively assigned to them in the Act.

3. Star rating or star level plan,- (1) There shall be a label affixed on refrigerator which shall display a maximum of five stars with an interval of one star based on their relative annual energy consumption.

(2) The refrigerator shall be rated from star one to star five based on their Annual Energy Consumption and which complies with the Annual Energy Consumption requirements as laid down in Table 1 and Table 2.
(3) The star level of the refrigerator shall be determined as per clause 6 of IS 17550 (Part 3): 2021, as follows, namely:-
Annual Energy Consumption = Daily Energy Consumption in 24 hours *365 days/ 1000

Frost Free Refrigerator's Daily Energy Consumption (E_{daily}) includes steady state and incremental energy consumption for defrost and recovery cycle. Direct Cool Refrigerator's, E_{daily} includes only steady state conditions.

Table 1 for Frost Free Refrigerator
(Valid from 1st January, 2023 to 31st December, 2024)

Star rating band	Annual Energy Consumption (kWh/year)
1 Star *	(0.157* Vtot+243) ≤ AEC < (0.180* Vtot+279)
2 Star **	(0.136*V_{tot}+211) ≤ AEC < (0.157* Vtot+243)
3 Star ***	(0.118*Vtot+184) ≤ AEC < (0.136* Vtot+211)
4 Star ****	(0.103* Vtot +160) ≤ AEC < (0.118*Vtot +184)
5 Star *****	AEC < (0.103*Vtot+160)

Table 2 for Direct Cool Refrigerator
(Valid from 1st January, 2023 to 31st December, 2024)

Star rating band	Annual Energy Consumption (kWh/year)
1 Star *	(0.115* Vtot+179) ≤ AEC < (0.129* Vtot+201)
2 Star **	(0.103* Vtot+160) ≤ AEC < (0.115* Vtot+179)
3 Star ***	(0.091*Vtot +141) ≤ AEC < (0.103* Vtot+160)
4 Star ****	(0.080*Vtot+124) ≤ AEC < (0.091*Vtot +141)
5 Star *****	AEC < (0.080*Vtot+124)

Note : The values of various star level bands for particular model and the star level chosen for that model shall be based on the lower and the upper limits of each star level band as mentioned in Table 1 and Table 2.

4. Testing and tolerance. -
(1) For the purposes of determining the star level, the refrigerator shall meet the requirements of all the tests defined in Table 3 as given below:

TABLE 3

Serial Number	Nature of Test	Test Standard and Clause Reference
1	Daily Energy Consumption	Clause 6 of IS 17550 (Part 3)
2	Total Volume	Clause 4.8 and Annex H of IS 17550 (Part 3)
3	Pull Down	Clause 4.6 a) and Annex A of IS 17550 (Part 2)

NOTE: 1. Refrigerator shall carry Bureau of Indian Standard certification mark.
2. Manufacturer shall submit copy of valid Bureau of Indian Standard certification marks licence at the time of registration of models

(2) There shall be no tolerance for the star rating bands and all tested appliance shall meet the minimum threshold for each star rating band and the scope for manufacturing tolerance and other variations shall be accounted by the manufacturer when determining the Star Rating.

(3) The tolerance limit for the total volume shall be as per clause4.8.1 of IS 17550 (Part 3) and pull-down temperature shall be as per clause 4.6 a) of IS 17550 (Part 2).

(4) The star level plan shall be reviewed in every two years.

(5) The scope for manufacturing tolerance and other variations shall be accounted by the manufacturer when determining the star rating based on the following points for rounding off-

(a) the Annual Energy Consumption value and total volume shall be rounded off to nearest whole number upto one decimal places;

(b) the value shall be rounded off to respective significant figures, as per IS 2:1960.

5. Test report. -The result of the test shall be reported in the format mentioned in the Annexure A appended to this notification.

[F. No. 10/4/2022 - EC]

AJAY TEWARI, Addl. Secy.

ANNEXURE A
[See paragraph 5]
Form for reporting the test results
(Separate test report format shall be used for each type/models)

Test report No. **Date:**

1. Product/Equipment Detail

1.1 General

Equipment
Type (for example Direct cool or frost-free refrigerator)
Operating principle (Compression)
Climate class (Tropical T)
Brand

Model Name and Number
Name of the manufacturer/Importer
Address of the Manufacturer
Rated Total Volume (litre)
Month and Year of manufacturing
Bureau of Indian Standards certificate details (if any) (Attach copy of the License or Certificate)
Quality System certificate details (Attach copy of the License / Certificate)
Annual Electricity Consumption (kWh per year)
Pull down Time (minimum)

2. Measurement of Volume

Srl. No	Description of Compartments	Observed/Measured Value
1	Cellar	
2	Fresh Food	
3	Chill	
4	Evaporator (as applicable for Zero-star, One- star, Two- star, Three- star and Four- star	
5	Volume deducted as defined in clause H.2.2 a) to d) and H.2.3 a) to c)	
10	Total Volume	

3. Energy Consumption tests

Srl. No	Test Description	Observed/Measured Value
1	Number of defrost control (none, one or more than one)	
2	Steady state power consumption (W) a) Case SS1 b) Case SS2	
3	Defrost and recovery energy consumption (Wh)	
4	Temperature change (KWh)	
5	Number of test run a) Single test run b) By interpolation	
6	Daily Energy Consumption	
7	Total Energy Consumption	
8	Specified Auxiliaries, if any (Optional)	

4. Pull Down Test

Srl. No.	Test Conditions	Observed value
1	Test room ambient temperature	
2	Time taken for heat soaking	
3	The period from the start of the test until all compartments are simultaneously at or below the target temperatures	
4	The average air temperature reached in each compartment	
	Cellar	
	Fresh Food	
	Chill	
5	Evaporator (as applicable for Zero-star, One- star, Two- star, Three- star and Four- star	
6	Pull down time	

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.
ALOK KUMAR Digitally signed by ALOK KUMAR Date: 2022.09.27 16:19:42 +05'30'

रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-27092022-239146
CG-DL-E-27092022-239146

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 4364] नई दिल्ली, सोमवार, सितम्बर 26, 2022/आश्विन 4, 1944
No. 4364] NEW DELHI, MONDAY, SEPTEMBER 26, 2022/ ASVINA 4, 1944

विद्युत मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 26 सितम्बर, 2022

का.आ. 4553(अ).—केंद्रीय सरकार, ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 (2001 का 52) की धारा 14 के खंड (ख) और खंड (घ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के परामर्श से और भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग 2 खंड 3, उपखंड (ii) में प्रकाशित भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का. आ. 182 (अ), तारीख 12 जनवरी, 2009 और का.आ. 1898 (अ), तारीख 26 मई, 2016 को, उन बातों के सिवाय अधिक्रांत केरते हुए, जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पहले किया गया है या करने का लोप किया गया है, आंतरिक प्राकृतिक संवहन या प्रबलित वायु परिसंचरण द्वारा ठंडे किए गए प्रत्येक घरेलू और उसी प्रकार के प्रशीतक साधित्रों को विनिर्दिष्ट करती है, और आई एस 17550 (भाग 3) 2021 में यथाविनिर्दिष्ट इन विशेषताओं की जांच करने के लिए परीक्षण पद्धतियों की स्थापना करती है और निर्देश देती है कि ऐसे अन्य साधित्र बिक्री के लिए विनिर्मित किए जा रहे या विक्रय या क्रय या आयातित किए जा रहे साधित्रों के वर्ग पर ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (प्रशीतक के लेबलों पर उनके संप्रदर्शन की विशिष्टियां और रीति) विनियम, 2022 में यथाविनिर्दिष्ट रीति से लेबल पर विशिष्टियां संप्रदर्शित की जाएगी।

2. यह अधिसूचना 01 जनवरी, 2023 से प्रवृत्त होगी।

[फा. सं. 10/4/2022-ईसी]

अजय तिवारी, अपर सचिव

MINISTRY OF POWER

NOTIFICATION

New Delhi, the 26th September, 2022

S.O. 4553(E).—In exercise of the powers conferred by clauses (b) and (d) of section 14 of the Energy Conservation Act, 2001 (52 of 2001) and in supersession of the notification of the Government of India in the Ministry of Power, published in the Gazette of India, Extraordinary, Part II, Section 3, Sub-section (ii), *vide* number S.O. 182(E), dated the 12th January, 2009 and S.O. 1898 (E), dated the 26th May, 2016 except as respects things done or omitted to be done before such supersession, the Central Government in consultation with the Bureau of Energy Efficiency hereby specifies every household and similar refrigerating appliances cooled by internal natural convection or forced air circulation, and establishes test methods for checking these characteristics as specified in IS 17550 (Part 3) : 2021 and direct that any such appliances or class of appliances being manufactured or sold or purchased or imported for sale shall display such particulars on labels in such manner as specified in the Bureau of Energy Efficiency (Particulars and Manner of their Display on Labels of Refrigerators) Regulations, 2022.

2. This notification shall come into force with effect from 1st day of January, 2023.

[F. No. 10/4/2022 –EC]

AJAY TEWARI, Addl. Secy.

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.

ALOK KUMAR Digitally signed by ALOK KUMAR Date: 2022.09.27 16:17:22 +05'30'

रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-06102022-239367
CG-DL-E-06102022-239367

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 482] नई दिल्ली, शुक्रवार, सितम्बर 30, 2022/आश्विन 8, 1944
No. 482] NEW DELHI, FRIDAY, SEPTEMBER 30, 2022/ASVINA 8, 1944

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो

अधिसूचना

नई दिल्ली, 30 सितम्बर, 2022

सं. बीईई / एस एंड एल / संदर्भ / 70/2021-22.—प्रारूप विनियम अर्थात्:, ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (प्रशीतकों के लेबल पर उनके संप्रदर्शन की विशिष्टियां और रीति) विनियम, 2022 ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 (2001 का 52) की धारा 58 की उप-धारा (1) की अपेक्षानुसार अधिसूचना संख्या बीईई/एस एंड एल/रेफ/70/2021-22, तारीख 10 जून, 2022 के द्वारा उन व्यक्तियों से, जिनके उनसे प्रभावित होने की संभावना है, उस तारीख से जिसको उक्त अधिसूचना से युक्त राजपत्र की प्रतियां जनता को उपलब्ध करा दी गई थीं, तीस दिन की समाप्ति से पूर्व आक्षेप और सुझाव आमंत्रित करते हुए प्रकाशित किए गए थे;

और उक्त प्रारूप विनियमों की प्रतियां जनता को 10 जून, 2022 को उपलब्ध करा दी गई थीं;

और उपरोक्त कथित अवधि के अंदर उक्त प्रारूप विनियमों के संबंध में सुझाव प्राप्त हुए हैं;

और जबकि इस संबंध में प्राप्त सुझावों पर विचार कर लिया गया है;

अत: अब, ब्यूरो, ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 (2001 का 52) की धारा 13 की उप-धारा (2) के खंड (ढ) और धारा 14 के खंड (घ) के साथ पठित धारा 58 की उप-धारा (2) के खंड (झ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (घरेलू फ्रॉस्ट फ्री प्रशीतकों के लेबल पर उनके संप्रदर्शन की विशिष्टियां और रीति) विनियम, 2009 दिनांक 6 जुलाई, 2009 और ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (घरेलू सीधे ठंडे प्रशीतकों के लेबल पर उनके संप्रदर्शन की विशिष्टियां और रीति) विनियम, 2016 दिनांक 26 मई, 2016 को उन बातों के सिवाय अधिक्रांत करते हुए जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पूर्व किया गया है या करने का लोप किया गया है, केंद्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन से, निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात्: -

1. संक्षिप्त नाम और आरंभ :- (1) इन विनियमों का संक्षिप्त नाम ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (प्रशीतक के लेबल पर उनके संप्रदर्शन की विशिष्टियां और रीति) विनियम, 2022 है।

(2) ये राजपत्र में इनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

2. परिभाषा :- (1) इन विनियमों में, जब तक संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो,-

(क) "अधिनियम" से ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 (2001 का 52) अभिप्रेत है;

(ख) "प्ररूप" से इन विनियमों के साथ संलग्न प्ररूप अभिप्रेत है;

(ग) "लेबल" से प्रशीतक पर चिपकाई गई अथवा प्रदर्शित लिखित, मुद्रित, चिह्नित, मुहर लगी या ग्राफिक सामग्री अभिप्रेत है;

(घ) "लेबल की अवधि" से धारा 14 के खंड (क) के अधीन केंद्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित ऊर्जा खपत मानक के अधीन तुलनात्मक बिजली की खपत की विधिमान्यता अवधि अभिप्रेत है और यदि तुलनात्मक बिजली खपत की विधिमान्यता अवधि की समाप्ति अवधि अधिसूचित नहीं की जाती है तो इसे तब तक विधिमान्य माना जाएगा जब तक कि केंद्रीय सरकार द्वारा इसके लिए नए मान अधिसूचित नहीं किए जाते हैं;

(ङ) "मॉडल या मॉडलों का परिवार" से एक विशेष ब्रांड के मॉडल या मॉडल की श्रेणी अभिप्रेत है, जिसके लिए परीक्षण रिपोर्ट का एक सेट लागू होता है और जहां प्रत्येक मॉडल में समान प्रकार की भौतिक विशेषताएं, बिजली की वार्षिक खपत, ऊर्जा दक्षता स्तर और निष्पादन विशेषताएं हैं;

(च) "अनुज्ञापत्रधारी" से अभिप्रेत ऐसे व्यक्ति या ऐसा अभिकरण है जिसे विनियम 7 के अधीन लेबल चिपकाने के लिए अनुज्ञा दी गई है;

(छ) "प्रशीतक" से अधिनियम की धारा 14 के खंड (ख) के अधीन अधिसूचना में निर्दिष्ट एक उपकरण अभिप्रेत है;

(ज) "अनुसूची" से इन विनियमों से संलग्न अनुसूची अभिप्रेत है;

(झ) "स्टार रेटिंग या स्टार लेवल" से अधिनियम की धारा 14 के खंड (क) के अधीन प्रशीतक के लेबल पर केंद्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित ऊर्जा खपत मानक के लेबल पर प्रदर्शित किया गया ऊर्जा दक्षता का ग्रेड अभिप्रेत है, जिसमें प्रशीतक की तुलनात्मक बिजली खपत को दर्शाया जाता है;

(ञ) लेबल लगे प्रशीतक के संबंध में "व्यापारी अथवा विक्रेता" से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो ऐसे प्रशीतक का विक्रय अथवा वितरण करता है और इसमें दुकानदार, व्यापारी, विनिर्माता और प्रशीतकों पर लेबल चिपकाने के लिए अनुमति प्राप्त अनुज्ञापत्रधारी शामिल हैं।

(2) यहां इसमें प्रयुक्त उन शब्दों और पदों के जो इसमें प्रयुक्त हैं, किंतु अधिनियम में परिभाषित हैं, वहीं अर्थ होंगे जो उस अधिनियम में हैं।

3. लेबल पर प्रदर्शित किया जाने वाला विवरण - (1) प्रत्येक प्रशीतक में, इसके लेबल पर निम्नलिखित विशिष्टियां प्रदर्शित की जाएंगी, अर्थात्-

(क) ऊर्जा दक्षता ब्यूरो का प्रतीक चिह्न;

(ख) निर्माता या आयातक और ब्रांड का नाम;

(ग) साधित्र का प्रकार;

(घ) कुल मात्रा;

(ङ) मॉडल संख्या और विनिर्माण या आयात का वर्ष;

(च) विशिष्ट श्रृंखला कोड;

(छ) प्रति वर्ष इकाइयों में बिजली की खपत;

(ज) स्टार लेवल; तथा

(झ) लेबल की अवधि

(2) लेबल की परिकल्पना, रंग, आकार और सामग्री इन विनियमों के साथ संलग्न अनुसूची में यथा: विनिर्दिष्ट होगा।

4. लेबलों के प्रदर्शन के लिए समय-सीमा - (1) विनियम 3 में विनिर्दिष्ट सभी विशिष्टियों वाला लेबल इन विनियमों के लागू होने की तारीख से छह माह की अवधि के अंदर प्रत्येक प्रशीतक पर प्रदर्शित किया जाएगा।

(2) केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिनियम की धारा 14 के खण्ड (क) के अधीन अधिसूचित पुनरविलोकित ऊर्जा खपत मानकों के आरंभ होने पर और आरंभ होने से, प्रत्येक अनुज्ञापत्रधारी या व्यापारी या विक्रेता सुनिश्चित करेगा कि-

(क) पिछले ऊर्जा खपत मानकों के साथ प्रशीतक का उत्पादन नहीं करेगा;

(ख) प्रशीतक पर ऊर्जा खपत मानक के साथ स्टार स्तर और लेबल अवधि और पुनरीक्षित ऊर्जा खपत मानकों के साथ तुल्यकालिक प्रशीतकों के निर्माण वर्ष को प्रदर्शित करेगा;

(ग) डीलरों, खुदरा व्यापारियों को जानकारी देने के लिए उनको शिक्षित करने के साथ ही उपभोक्ताओं को शिक्षित करने के लिए अपेक्षित प्रचार-प्रसार सहित सभी प्रारंभिक कदम उठाए गए हैं और तीन महीने पहले कार्रवाई की जाएगी।

5. लेबल प्रदर्शित करने की रीति - (1) प्रत्येक प्रशीतक पर विक्रय के स्थान पर शीघ्र प्रतिक्रिया (क्यूआर) कोड के साथ लेबल प्रदर्शित किया जाएगा और प्रशीतकों पर उक्त लेबल निम्नलिखित तरीके से चिपकाया जाएगा, अर्थात्:-

(क) प्रशीतक के ऊपरी दाहिने हिस्से के सामने की तरफ चिपके हुए क्यूआर कोड के साथ स्वयं चिपकने वाला लेबल;

(ख) कार्टन बॉक्स के सामने की तरफ क्यूआर कोड के साथ स्वयं चिपकने वाला लेबल;

(2) प्रदर्शन पर नहीं रखे गए प्रशीतकों के लिए, लेबल को पैकिंग के बाहरी हिस्से में चिपकाया जा सकता है और विक्रय के समय लेबल को यूनिट पर लगाया जा सकता है।

6. लेबल प्रदर्शित करने की अनुज्ञा-(1) ब्यूरो की पूर्व अनुमति के बिना प्रशीतकों पर कोई स्टार नहीं चिपकाया जाएगा।

(2) कंपनी रजिस्ट्रीकरण - ब्यूरो की अनुमति प्राप्त करने के प्रयोजनों के लिए, प्रत्येक ब्रांड को एक लाख रुपए की लेबल प्रतिभूति शुल्क के साथ, अलग से रजिस्ट्रीकृत किया जाएगा जैसा कि प्ररूप I - (क) में निर्दिष्ट किया गया है, भुगतान के इलेक्ट्रॉनिक मोड द्वारा देय है :

परंतु लघु उद्योग के मामले में, लेबल प्रतिभूति शुल्क केवल पच्चीस हजार रुपए होगा।

(3) मॉडल रजिस्ट्रीकरण- उप-विनियम (2) के अधीन अनुज्ञापत्रधारी के प्रत्येक आवेदन के साथ-

(क) भुगतान के इलेक्ट्रॉनिक मोड द्वारा देय प्रति मॉडल दो हजार रुपए का आवेदन शुल्क; तथा

(ख) ऊर्जा दक्षता ब्यूरो, नई दिल्ली के पक्ष में देय; भुगतान के किसी भी स्वीकार्य इलेक्ट्रॉनिक मोड द्वारा एक लाख रुपए का लेबल प्रतिभूति शुल्क:

(ग) प्ररूप-1 – (ख) में यथा विनिर्दिष्ट दस्तावेज

7. अनुज्ञा प्रदान करना - (1) विनियम 6 के अधीन कोई आवेदन प्राप्त होने पर और यह समाधान होने पर कि इसमें दी गई सभी अपेक्षाओं का पालन किया गया है, ब्यूरो मानक और लेबल लगाने की पर इस मैनुअल में निर्दिष्ट के रूप में उक्त प्राप्ति के एक माह की अवधि के अंदर, विनियम 8 में यथा: विनिर्दिष्ट नियमों एवं शर्तों के अध्यधीन के लिए अनुज्ञा प्रदान कर सकता है।

(क) प्ररूप II-(क) में इलेक्ट्रॉनिक रूप में ब्रांड रजिस्ट्रीकृत करना; तथा

(ख) प्ररूप II-(ख) में इलेक्ट्रॉनिक रूप में प्रशीतकों पर लेबल लगाने की अनुमति देना।

(2) ब्यूरो द्वारा प्ररूप-III में रजिस्टर का अनुरक्षण किया जाएगा और इसमें अनुज्ञापत्रधारी का नाम प्रविष्ट किया जाएगा;

(3) उप-विनियम (1) के अधीन इस प्रकार प्रदत्त अनुज्ञा उस अवधि तक मान्य होगी जो केन्द्रीय सरकार द्वारा धारा 14 के खण्ड (क) के अधीन यथा: अधिसूचित ऊर्जा खपत मानक द्वारा स्टार स्तर के लिए विनिर्दिष्ट की गई है;

(4) अनुज्ञापत्रधारी द्वारा स्टार रेटिंग योजना के पुनरीक्षण के मामले में, अनुमति के नवीनीकरण का आवेदन इसकी समाप्ति से एक महीने बाद नहीं किया जाएगा और इसके साथ ऊर्जा दक्षता ब्यूरो, नई दिल्ली के पक्ष में इलेक्ट्रॉनिक मोड में देय एक हजार रुपए का शुल्क होगा।

परंतु, स्टार रेटिंग योजना के विस्तार के मामले में, उक्त नवीनीकरण के एक हजार रुपए के शुल्क से छूट दी जाएगी।

(5) विधिमान्यता की अवधि समाप्त होने के बाद किसी आवेदन का नवीकरण नहीं किया जाएगा और इस मामले में अनुज्ञापत्रधारी को नया आवेदन पत्र देना होगा;

(6) उप- विनियम (4) के अधीन नवीकरण के लिए आवेदन-पत्र प्राप्त होने पर और सभी अपेक्षाएं पूरी होने के संबंध में समाधान होने पर, ब्यूरो उक्त आवेदन प्राप्त होने की तारीख से एक माह की अवधि के अंदर प्ररूप-II में अनुज्ञा का नवीकरण कर सकता है;

(7) जो अनुज्ञापत्रधारी उस तारीख से प्रशीतक के मौजूदा मॉडल पर लेबल चिपकाने को जारी रखने की अनुज्ञा की मांग करता है, जिस तारीख से पुनरीक्षित स्टार स्तर लागू हुआ है, केवल प्ररूप IV में एक घोषणा प्रस्तुत करेगा;

(8) यदि प्रशीतक के नए मॉडल की योजना पुनरीक्षित स्टार स्तर के साथ ताल-मेल बिठाकर शुरू करने की योजना है तो अनुज्ञापत्रधारी नया लेबल चिपकाने की अनुज्ञा लेगा और उक्त अनुज्ञा के लिए आवेदन पुनरीक्षित स्टार स्तर के लागू होने से छह माह पूर्व किया जाए;

8. लेबल पर विशिष्टियां प्रदर्शित करने के लिए नियम और शर्तें:- प्रत्येक अनुज्ञापत्रधारी और व्यापारी एवं विक्रेता लेबल पर विशिष्टियां प्रदर्शित करने में निम्नलिखित नियमों एवं शर्तों का पालन करेगा, अर्थात -

(क) प्रशीतक के लेबल पर प्रदर्शित स्टार स्तर अधिनियम की धारा 14 के खण्ड (क) के अधीन केंद्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित प्रशीतक के लिए ऊर्जा खपत मानकों के अनुरूप होंगे;

(ख) यह लेबल प्रशीतक के ऐसे मॉडलों पर ही चिपकाया जाएगा जिसके लिए अनुज्ञा ली गई है;

(ग) लेबल को अनुज्ञापत्रधारी की लागत पर मुद्रित और प्रशीतकों पर चिपकाया जाएगा;

(घ) अनुज्ञापत्रधारी, व्यापारी और विक्रेता यह सुनिश्चित करेगा कि प्रशीतक के लेबल पर प्रदर्शित स्टार स्तर हर समय बना रहेगा;

(ङ) अनुज्ञापत्रधारी विनियम 9 में यथा विनिर्दिष्ट लेबल शुल्क का भुगतान करेगा;

(च) अनुज्ञापत्रधारी ब्यूरो को विवरण मुहैया कराएगा जिसमें लेबल लगे उपकरणों को बनाने का ब्यौरा और वित्तीय वर्ष की प्रत्येक तिमाही के अंत में निम्नलिखित माह के अंदर प्रत्येक तिमाही के लिए देय प्रोद्भूत लेबलिंग शुल्क का विवरण हो;

(छ) अनुज्ञापत्रधारी, ब्यूरो को अपने लेबल लगे उत्पादों के विक्रय के लिए नियुक्त प्रत्येक वर्ष 30 अप्रैल को अधिकृत वितरकों, डीलरों और थोक विक्रेताओं एवं विक्रेताओं की सूची मुहैया कराएगा;

(ज) ऐसे अन्य नियमों एवं शर्तों का पालन करेंगे जो ब्यूरो द्वारा, मानक और लेबल लगाने की के संबंध में ब्यूरो की प्रचालन पुस्तिका में निहित नियमों एवं शर्तों सहित विनिर्दिष्ट किए गए हों;

9. लेबल शुल्क- (1) प्रत्येक अनुज्ञापत्रधारी, ब्यूरो को प्रशीतक पर प्रत्येक चिपकाए गए लेबल के लिए पांच रुपए के शुल्क का भुगतान करेगा।

(2) उप-विनियम (1) के अधीन विनिर्दिष्ट लेबल शुल्क, प्रत्येक वित्तीय वर्ष की अंतिम तारीख से एक माह के अंदर वार्षिक रूप से किया जाएगा;

परंतु यथा विनिर्दिष्ट अवधि के अंदर लेबल शुल्क का भुगतान न करने पर, ब्यूरो विनियम 6 के उप-विनियम (3) के खण्ड (ख) के अधीन प्रतिभूति रकम से इस पर प्रतिवर्ष दस प्रतिशत की दर से इस पर ब्याज का भुगतान करेगा और यदि इसे जमा किए जाने की अंतिम तारीख से एक माह के अंदर पूरा लेबलिंग शुल्क वसूल नहीं की जाती, ब्यूरो अनुज्ञापत्रधारी को प्रदत्त सभी अनुज्ञा रद्द कर सकता है और अनुज्ञापत्रधारी का नाम चूककर्ता के रूप में समाचार पत्र में प्रकाशित कर सकता है।

10. लेबल प्रतिभूति शुल्क का प्रतिदाय:- विनियम 9 के उप-विनियम (2) के उपबंधों के अधीन, अनुज्ञापत्रधारी को प्रशीतकों का विनिर्माण बंद करने पर लेबल प्रतिभूति शुल्क के प्रतिदाय का अधिकार होगा।

11. ब्यूरो द्वारा सत्यापन- (1) ब्यूरो अथवा इसकी नामोद्दिष्ट एजेंसी, स्वयमेव अथवा इसे शिकायत प्राप्त होने पर, यह सुनिश्चित करने के लिए सत्यापन करेगा कि प्रशीतक इसके लेबल पर प्रदर्शित स्टार स्तर और अन्य विशिष्टियों के अनुरूप है और कि यह अनुज्ञा के अन्य नियमों एवं शर्तों के अनुपालन में है।

(2) सत्यापन के प्रयोजन के लिए, (क) ब्यूरो अथवा इसकी नामोद्दिष्ट एजेंसी द्वारा विनिर्माता सुविधा अथवा फुटकर विक्रय केन्द्र से यादृच्छिक तौर पर नमूने एकत्र किए जाएंगे; और ख) निम्नलिखित परीक्षण से नमूने लिए जाएंगे – और इसका परीक्षण किया जाएगा (i) ऊर्जा खपत परीक्षण (ii) कुल मात्रा और (iii) पुल डाउन परीक्षण।

(3) जहां उप- विनियम (1) के अधीन शिकायत प्राप्त होने पर, ब्यूरो द्वारा जांच और अंशांकन प्रयोगशालाओं हेतु राष्ट्रीय परीक्षण प्रत्यायन बोर्ड द्वारा विधिवत प्रत्यायित स्वतंत्र प्रयोगशाला में प्रशीतक की जांच को चुनौती देकर सत्यापन करना अपेक्षित है, अनुज्ञापत्रधारी को ऐसे परीक्षण के निष्पादन के लिए नोटिस जारी किया जाएगा और शिकायतकर्ता को ब्यूरो के पास नमूना लागत, परीक्षण, परिवहन संबंधी खर्च और अन्य आकस्मिक व्यय, ऐसी समयावधि में जमा कराने की मांग करेगा जो ब्यूरो द्वारा विनिर्धारित की गई हो और यदि जांच परीक्षण के अधीन लिए गए नमूने विफल रहते हैं, ब्यूरो को नमूने लेने, नमूने के परिवहन और जांच प्रभारों की लागत के लिए सभी व्यय की प्रतिपूर्ति अनुज्ञापत्रधारी द्वारा वहन की जाएगी और ब्यूरो उल्लिखित व्यय की प्रतिपूर्ति शिकायतकर्ता को करेगा और जहां उपकरण चुनौती परीक्षण पर खरे उतरते हैं, तब शिकायतकर्ता द्वारा जमा कराए गए व्यय जब्त कर लिए जाएंगे;

(4) जहां जांच के लिए प्रशीतकों के नमूने स्वयमेव परीक्षण अथवा चुनौती परीक्षण के दौरान परीक्षण में विफल रहते हैं, अनुज्ञापत्रधारी को एक अन्य अवसर दिया जाएगा और ब्यूरो, अनुज्ञापत्रधारी की लागत पर राष्ट्रीय परीक्षण और अंशांकन प्रयोगशाला बोर्ड द्वारा विधिवत प्रत्यायित स्वतंत्र प्रयोगशाला में प्रथम जांच में प्रयुक्त प्रशीतक के दो गुने परिमाण में दूसरा परीक्षण करेगा और ब्यूरो उप-विनियम (3) में संदर्भित चुनौती परीक्षण को देखने या उप-विनियम (4) में संदर्भित दूसरे परीक्षण और नमूने की खरीद और परीक्षण के लिए किए जाने वाले खर्चों के लिए जानकारी को प्ररूप 5 में अनुज्ञापत्रधारी को सूचित करेगा।

(5) दूसरे परीक्षण में विफल रहने पर ब्यूरो, -

(क) प्ररूप VI, में अनुज्ञापत्रधारी को सभी राज्य नामोद्दिष्ट एजेंसियों को निदेश देगा कि अनुज्ञापत्रधारी दो माह की अवधि के अंदर,

i. प्रशीतक के लेबल पर सही स्टार स्तर प्रदर्शित करेगा अथवा परीक्षण के दौरान त्रुटियों और खराबियों को दूर करेगा;

ii. ब्यूरो के दिशा- निर्देशों के अनुपालन में बाजार से सभी स्टॉक को वापस लेगा; और

iii. विज्ञापित सामग्री पर प्रदर्शित विवरण में परिवर्तन करेगा।

(ख) उपभोक्ताओं के लाभ के लिए, दो माह के अंदर अनुज्ञापत्रधारी का नाम, ब्राण्ड का नाम, मॉडल का नाम अथवा मॉडल संख्या, प्रतीक चिह्न और अन्य विनिर्दिष्टता किसी दैनिक राष्ट्रीय अथवा क्षेत्रीय समाचारपत्र अथवा इलेक्ट्रॉनिक अथवा यथोचित किसी अन्य तरीके से प्रकाशित करेगा।

(ग) संबंधित राज्य नामोद्दिष्ट एजेंसी को ईसी अधिनियम, 2001 की धारा 27 के अधीन अनुज्ञापत्रधारी और व्यापारी के खिलाफ न्यायिक कानूनी कार्रवाई करने की सूचना दें।

(6) अनुज्ञापत्रधारी उप-विनियम (5) में संदर्भित दो माह की अवधि समाप्त होने के दस दिनों के अंदर,-

(क) ब्यूरो को दिशा-निर्देश के अनुपालन में की गई कार्रवाई के संबंध में प्ररूप VII में अनुपालन रिपोर्ट भेजेगा; और

(ख) यदि खण्ड (क) में संदर्भित अनुपालन रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है अथवा विनिर्धारित अवधि के अंदर निदेश का पालन किए बिना प्राप्त होती है, तो इसे जारी निर्देशों का गैर-अनुपालन माना जाएगा और ब्यूरो द्वारा इस आशय के आदेश को पारित किया जाएगा।

(7) ब्यूरो अधिनियम की धारा 17 के अधीन कार्रवाई करने के प्रयोजनार्थ सभी राज्य नामोद्दिष्ट एजेंसियों को विनियम-(6) के खण्ड (क) में संदर्भित अनुपालन रिपोर्ट और खण्ड (ख) में जारी आदेशों की एक प्रति, आवश्यक दस्तावेजों सहित भेजेगा और कथित उप-विनियम के खण्ड (ख) के अधीन जारी आदेशों का प्रवर्तन करेगा;

(8) जहां अनुज्ञापत्रधारी, ब्यूरो द्वारा उप-विनियम (5) के अधीन जारी किए गए दिशा-निर्देशों का अनुपालन करने में विफल रहता है, वहां ब्यूरो लिखित में दर्ज किए जाने वाले कारणों के लिए सभी राज्य नामोद्दिष्ट एजेंसियों को सूचना देते हुए –

(क) विनियम 7 के उप-विनियम (1) के अधीन अनुज्ञापत्रधारी को प्रदत्त अनुमति वापस ले लेगा;

(ख) केन्द्रीय सरकार को अनुज्ञापत्रधारी द्वारा ऊर्जा खपत अधिनियम की धारा 14 के खण्ड (क) के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित ऊर्जा खपत मानक और ब्यूरो द्वारा उप-विनियम (6) के खण्ड (क) द्वारा संदर्भित आदेशों का अनुपालन करने में विफलता के समर्थन में जांच रिपोर्ट के साथ, विचारार्थ और केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिनियम की धारा 14 के खण्ड (ग) के अधीन कार्रवाई करने हेतु रिपोर्ट भेजेगा।

(ग) उपभोक्ताओं के लाभ के लिए, दो माह के अंदर, किसी राष्ट्रीय या क्षेत्रीय दैनिक समाचार पत्र में और किसी इलेक्ट्रॉनिक या किसी अन्य तरीके से जैसा उचित समझा जाए, अनुज्ञापत्रधारी का नाम, ब्रांड नाम, मॉडल का नाम या मॉडल संख्या, लोगो और अन्य विनिर्देशन प्रकाशित करेगा; और

(घ) संबंधित राज्य नामोद्दिष्ट एजेंसियों को अधिनियम की धारा 27 के अधीन अनुज्ञापत्रधारी और व्यापारी के खिलाफ आगे अधिनिर्णय कार्रवाई शुरू करने के लिए सूचित करेगा।

12. अनुज्ञा रद्द करना :- ब्यूरो विनियम 7 के अधीन प्रदत्त अनुमति को निरस्त कर सकता है, यदि अनुज्ञापत्रधारी –

(क) विनियम 8 के अधीन विनिर्दिष्ट किसी नियम और शर्त का पालन नहीं करता;

(ख) विनियम 9 के अधीन विनिर्दिष्ट अवधि के अंदर लेबल शुल्क का भुगतान नहीं करता;

(ग) विनियम 11 के अधीन जारी निर्देशों का अनुपालन नहीं करता।

परंतु कोई भी अनुमति तब तक रद्द नहीं की जाएगी जब तक कि अनुज्ञापत्रधारी को मामले में सुनवाई का अवसर न दिया गया हो।

अभय बाकरे, महानिदेशक

[विज्ञापन-III/4/असा./304/2022-23]

प्ररूप I – (क)

[विनियम 6 के उप-विनियम (2) देखें]

(कंपनी के लेटर हेड में प्रिंट किया जाए)

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (प्रशीतकों के लेबल पर उनके संप्रदर्शन की विशिष्टियां और रीति) विनियम, 2022 के अधीन प्रशीतकों के रजिस्ट्रीकरण हेतु आवेदन-पत्र

महानिदेशक

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो

(विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार), चौथा तल, सेवा भवन,
सेक्टर – 1, आर. के. पुरम, नई दिल्ली – 110 066 भारत

मैं / हम _____ (व्यक्ति या फर्म का पूरा नाम) _____ की शैली के अंतर्गत _____ (व्यापार का पूरा पता) व्यापार करने के लिए प्रशीतकों का/के विनिर्माता अथवा आयातक हूं / हैं जैसा ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (प्रशीतक के लेबलों पर विशिष्टियां और उनके संप्रदर्शन की रीति) विनियम, 2022 में ब्यूरो द्वारा विनिर्दिष्ट है, प्रशीतकों पर प्रदर्शित करने / लगाने की अनुमति पाने हेतु आवेदन करता हूं / करते हैं।

उपकरण, कंपनी, विनिर्माण सुविधा, और भुगतान संबंधी विस्तृत विशिष्टियां अनुबंध में दिया गया है। फर्म रजिस्ट्रार अथवा संस्थाओं / उद्योग निदेशक (छोटे पैमाने की इकाइयों के मामले में) द्वारा जारी निगमन प्रमाणपत्र या अन्य सदृश दस्तावेजों की प्रति संलग्न है जो फर्म का नाम और इसके विनिर्माण परिसरों को अनुप्रमाणित करते हैं, संलग्न है।

(क) आवेदक/ अधिकृत व्यक्ति : _____ (नाम और पदनाम) कंपनी/ फर्म आदि की ओर से यह आवेदन करने के लिए अधिकृत है और वह इस आवेदन के साथ मुहैया कराई गई सूचना की सटीकता एवं अधिप्रमाणिकता के लिए उत्तरदायी होगा।

(ख) संपर्क व्यक्ति : _____ (नाम और पदनाम) इस आवेदन और लेबल के उपयोग के संबंध में ब्यूरो के साथ समन्वय करने के लिए अधिकृत संपर्क व्यक्ति है।

(ग) मैं/हम उपरोक्त (क) अथवा (ख) में परिभाषित अधिकृत व्यक्तियों में किसी परिवर्तन के बारे में ब्यूरो को सूचित करने का वचन देता हूं/ देते हैं।

3. मेरी/ हमारी जानकारी और अनुमान के अनुसार, उक्त उपकरण के उत्पादन और विक्रय संबंधी आंकड़े और इनका मूल्य निम्नानुसार हैं:

वर्ष	**उत्पादन**	**विक्रय**	**उपकरण का अधिकतम खुदरा मूल्य (रु.)**
..... से ..... तक अंतिम वर्ष वर्तमान वर्ष..... से ..... तक वर्ष (अनुमान)			

4. एक लाख रुपए या पच्चीस हजार रुपए का लेबल प्रतिभूति शुल्क, जैसा भी मामला हो, इलेक्ट्रॉनिक मोड द्वारा भुगतान किया गया है (केवल लेबल प्रतिभूति शुल्क जमा करने के समय ही भरा जाना है)।

5. मैं/हम ब्यूरो द्वारा यथा विनिर्दिष्ट लेबल लगाने की शुल्क का भुगतान करने को सहमत हूं/हैं।

6. मैं/हम ब्यूरो द्वारा विनिर्दिष्ट सभी नियमों एवं शर्तों का पालन करने और ब्यूरो द्वारा कोई पूछताछ किए जाने की स्थिति में उसे आवश्यक सहायता/सहयोग देने को सहमत हूं/हैं।

7. मैं/हम ऊर्जा दक्षता ब्यूरो को सत्यापन के लिए नमूने का चयन करने और परीक्षण को चुनौती देने के लिए अधिकृत करता हूं/करते हैं और इस संबंध में ब्यूरो के निर्देशों का पालन करने को सहमत हूं/हैं।

8. मैं/हम यह घोषणा करता हूं/ करते हैं कि इस आवेदन पत्र में दी गई सूचना मेरी/हमारी जानकारी के अनुसार सही है और यदि कोई सूचना गलत पाई जाती है; आवेदन-पत्र को तत्काल अस्वीकृत किया जा सकता है।

तारीख ..... दिन ..... (वर्ष)

हस्ताक्षर .....

नाम .....

पदनाम .....

..... के लिए और उनकी ओर से

(फर्म का नाम) फर्म की मुहर

उपाबंध

(प्ररूप 1 – (क) का पैरा 2 देखें)

1. कंपनी के विवरण

कंपनी का नाम	
पता	
पिन कोड	
राज्य	
फोन नं.	
फैक्स नं.	
ई-मेल	
वेबसाइट	
रजिस्ट्रीकरण का समर्थन करने के लिए संलग्नक:	हां / नहीं
(क) निर्माण या व्यावसायिक परिसर के नाम और पते को प्रमाणित करने वाला दस्तावेज़	
(ख) व्यापार चिह्न प्रमाण पत्र	
(ग) लघु उद्योग प्रमाणपत्र, यदि लागू हो	
(घ) क्वालिटी प्रबंधन प्रणाली प्रमाणपत्र	

(ड.) अधिकृत हस्ताक्षरी पत्र	
(च) भारतीय मानक अनुज्ञप्ति ब्यूरो, यदि लागू हो	
(छ) भुगतान के लिए भुगतान रसीद ऑनलाइन की जाती है	

2. विनिर्माण परिसर का विशिष्टियां (एक से अधिक विनिर्माण सुविधाओं के मामले में एक अलग तालिका प्रदान की जा सकती है)

विनिर्माण सुविधा का नाम	
पता	
पिन कोड	
राज्य / देश	
फोन नंबर	
फैक्स नंबर	
ई-मेल	
वेबसाइट	
कोई अन्य विशिष्टियां (यदि कोई हो)	

हस्ताक्षर .....
नाम .....
पदनाम .....
..... के लिए और उनकी ओर से
(फर्म का नाम) फर्म की मुहर

प्ररूप । - (ख)

[विनियम 6 देखें]

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (प्रशीतक के लेबल पर उनके संप्रदर्शन की विशिष्टियां और रीति) विनियम, 2022 के अधीन प्रशीतकों पर लेबल चिपकाने की अनुमति हेतु आवेदन-पत्र

महा निदेशक
ऊर्जा दक्षता ब्यूरो
(विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार)
चौथा तल, सेवा भवन,
सेक्टर – 1, आर. के. पुरम
नई दिल्ली – 110 066
भारत

मैं / हम _____(व्यक्ति या फर्म का पूरा नाम) _____ की शैली के अंतर्गत _____ (व्यापार का पूरा पता) व्यापार करने के लिए प्रशीतकों का/के विनिर्माता अथवा आयातक हूं / हैं जैसा ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (प्रशीतक के लेबलों पर विशिष्टियां और उनके संप्रदर्शन की रीति) विनियम, 2022 में ब्यूरो द्वारा विनिर्दिष्ट किया गया है, प्रशीतकों पर प्रदर्शित करने / लगाने की अनुमति पाने हेतु आवेदन करता हूं / करते हैं।

2. विनिर्माता सुविधा: उपरोक्त उपकरण _____ (कंपनी का नाम) द्वारा विनिर्मित या आयातित है और _____ (कारखाने का नाम और पता) में विनिर्मित है।

3. सूचना का विशिष्टियां : उपकरण, कंपनी, विनिर्माण सुविधा, परीक्षण उत्पादों के लिए प्रमाणन, लेबल और भुगतान संबंधी विस्तृत विशिष्टियां इस प्ररूप के साथ संलग्न अनुबंध में दिया गया है। फर्म पंजीयक अथवा संस्थाओं / उद्योग निदेशक (छोटे पैमाने की इकाइयों के मामले में) द्वारा जारी निगमन प्रमाणपत्र अथवा अन्य सदृश दस्तावेजों की प्रति संलग्न है जो फर्म का नाम और इसके विनिर्माण परिसरों को अनुप्रमाणित करते हैं, संलग्न है।

